बिहार सरकार
बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
(आपदा प्रबंधन विभाग)
D-ब्लॉक, 5वाँ तल, सरदार पटेल भवन–800023

## कोटेशन आमंत्रण सूचना

पटना, दिनांक–.....................2025

सोनपुर मेला, 2025 में बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के पेवेलियन में एवं मेला क्षेत्र में आपदा जागरूकता संबंधी विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इन गतिविधियों के प्रभावी अभिलेखीकरण (documentation) के लिए निम्नलिखित कार्य कराए जाने हेतु सम्बंधित एजेंसी/फर्म से निम्नलिखित सेवाओं की आपूर्ति हेतु कोटेशन आमंत्रित किया जाता हैः–

1. प्राधिकरण के पेवेलियन में विभिन्न स्टॉलों तथा मेला क्षेत्र में संचालित गतिविधियों की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी।
2. पूरे मेला अवधि में 7 दिन उक्त कार्य के लिए फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कराया जाना है। महत्वपूर्ण तिथियों की जानकारी नोडल पदाधिकारी द्वारा एक दिन पूर्व दी जाएगी।
3. विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से आपदा से बचाव हेतु दी जा रही जानकारियों का लेखन एवं स्क्रिप्ट निर्माण।
4. पवेलियन में आए आगंतुकों/मेलार्थियों (visitors) से आपदा जागरूकता कार्यक्रमों के संदर्भ में उनकी प्रतिक्रियाएँ (bites) लेना।
5. मेला अवधि में आयोजित गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की फोटोग्राफी में प्रत्येक दिन के अनुसार क्रमबद्ध विवरण सहित (जैसे फोटो किस कार्यक्रम की है, किन–किन लोगों की है आदि) लगभग 200 फोटोग्राफ्स का एक एल्बम तैयार कर प्राधिकरण को जमा करना।
6. उपरोक्त सभी सामग्रियों के आधार पर आकर्षक स्क्रिप्ट निर्माण, वॉइस ओवर एवं कर्णप्रिय बैकग्राउंड म्यूजिक के साथ 6–8 मिनट की अवधि की एक सूचनात्मक एवं प्रभावशाली ऑडियो–विजुअल डॉक्यूमेंट्री फिल्म का निर्माण।

**<u>नियम एवं शर्तेः</u>**

- कोटेशन सीलबंद लिफाफे पर "सोनपुर मेला, 2025" में फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी हेतु कोटेशन" लिखकर सचिव बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (आपदा प्रबंधन विभाग) D–ब्लॉक, 5वाँ तल, सरदार पटेल भवन–800023 के नाम निबंधित/रजिस्टर्ड डाक एवं हाथों हाथ दिनांक–24.09.2025 को अपराह्न 05:00 बजे तक जमा करना होगा।
- निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त कोटेशन पर विचार नहीं किया जाएगा।
- सभी सेवाएँ मानक गुणवत्ता की होनी चाहिए।
- दर रुपये में, सभी कर/जीएसटी सहित स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिए।
- कोटेशनदाताओं के स्वयं उपस्थित नहीं होने की स्थिति में प्रतिनिधि को प्राधिकार पत्र (Authorization letter) के साथ उपस्थिति अनिवार्य होगा।
- चयनित एजेंसी/फर्म को प्राधिकरण कार्यालय से उपरोक्त से सम्बन्धी कार्यदेश निर्गत किया जायेगा।
- प्राधिकरण के किसी भी कोटेशन को स्वीकार/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।

ह0/–
(मो0 वारिस खान)
सचिव



Scanned with OKEN Scanner

ज्ञापांक– 3 / 16–आपदा / मेला–प्रदर्शनी / प्रा0–04 / 2025..2690.../ प्राधि0

पटना, दिनांक–....17.9.25.

**प्रतिलिपि**:–श्री मनोज कुमार, तकनीकी सहायक, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना को प्राधिकरण के वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।

सचिव 17/9/25



Scanned with OKEN Scanner